प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, एस.बी.एस.मार्ग, मुंबई-400001
Department of Communication, Central Office, S.B.S.Marg, Mumbai-400001
फोन/Phone: 022- 22660502

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email: helpdoc@rbi.org.in

15 जुलाई 2021

रिज़र्व बैंक ने जी-सेक अभिग्रहण कार्यक्रम (जी-एसएपी 2.0) के अंतर्गत भारत सरकार की प्रतिभूतियों की दूसरी खुला बाजार खरीद की घोषणा की

जैसा कि 5 जुलाई 2021 की प्रेस प्रकाशनी में घोषित किया गया था, जी-एसएपी 2.0 के तहत अगली खरीद 22 जुलाई 2021 को ₹20,000 करोड़ की राशि के लिए आयोजित की जाएगी।

2. तदनुसार, रिज़र्व बैंक एकाधिक मूल्य पद्धति का उपयोग करके एक बहु-प्रतिभूति नीलामी के माध्यम से निम्नलिखित सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद करेगा:

क्रम संख्या	आईएसआईएन	प्रतिभूति	परिपक्वता की तारीख	सकल राशि
1	IN0020190396	6.18% जीएस 2024	04-नवंबर-2024	₹20,000 करोड़ (कोई प्रतिभूति-वार अधिसूचित राशि नहीं है)
2	IN0020160035	6.97% जीएस 2026	06-सितंबर-2026	
3	IN0020140011	8.60% जीएस 2028	02-जून-2028	
4	IN0020160118	6.79% जीएस 2029	26-दिसंबर-2029	

3. रिज़र्व बैंक के पास निम्नलिखित अधिकार सुरक्षित हैं:

- प्रत्येक प्रतिभूतियों की खरीद की मात्रा का निर्धारण करना।
- सकल राशि से कम राशि की बोलियां स्वीकार करना।
- पूर्णांकन प्रभाव के कारण सकल राशि की तुलना में कुछ अधिक/कम की खरीद करना।
- कारण दिए बिना संपूर्ण या आंशिक रूप से किसी भी या सभी बोलियाँ का स्वीकार या अस्वीकार करना।

4. पात्र प्रतिभागियों को **22 जुलाई 2021 को सुबह 10:00 और सुबह 11:00 बजे** के बीच भारतीय रिज़र्व बैंक कोर बैंकिंग समाधान (ई-कुबेर) प्रणाली पर इलेक्ट्रॉनिक प्रारूप में अपनी बोली प्रस्तुत करनी होगी। केवल सिस्टम विफलता की स्थिति में, भौतिक बोलियाँ स्वीकार किए जाएंगे। इस तरह की भौतिक बोली रिज़र्व बैंक की वेबसाइट से प्राप्त निर्धारित फॉर्म (https://www.rbi.org.in/Scripts/BS_ViewForms.aspx) में **सुबह 11.00 बजे** से पहले वित्तीय बाजार परिचालन विभाग (ईमेल; फोन नंबर: 022-22630982) को प्रस्तुत किये जाने चाहिए।

5. नीलामी का परिणाम उसी दिन घोषित किए जाएंगे और सफल प्रतिभागियों को **23 जुलाई 2021 को दोपहर 12 बजे** तक अपने एसजीएल खाते में प्रतिभूतियों की उपलब्धता सुनिश्चित करनी होगी।

(योगेश दयाल)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2021-2022/535